<u>हिंदी की तिमाही रिपोर्ट कैसे भरें एवं भापाबो में राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी रिकॉर्ड प्रबंधन हेतु कार्यशाला- रिपोर्ट</u>

दिनांक 30.05.2024 को आयोजित **भापाबो राभाकास की बैठक** में लिए गए निर्णय के अनुसार भारी पानी बोर्ड (केन्द्रीय कार्यालय) में **दिनांक 27 जून, 2024** को भापाबो हॉल, शून्य तल, वि.सा.भवन में **हिंदी की तिमाही रिपोर्ट कैसे भरें** एवं **भापाबो में राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी रिकॉर्ड प्रबंधन** विषय पर एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

इस कार्यशाला में श्री के. स्वामीनाथन, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, भापाबो, भापाबोसु, तालचेर (विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से) तथा बोर्ड के सभी सहायक कार्मिक अधिकारी, सहायक लेखा अधिकारी, निजी सचिव/सहायक तथा हिंदी की तिमाही रिपोर्ट तैयार करनेवाले सहायक उपस्थित थे।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में श्री के. स्वामीनाथन, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, भापाबो ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और राजभाषा के प्रयोग एवं प्रबंधन के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यशाला के उद्देश्य को स्पष्ट किया एवं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दी।

इसके पश्चात श्री भास्करानंद झा उप निदेशक, (राजभाषा) ने कार्यशाला में दिए जाने वाले व्याख्यान की रूप-रेखा बताई और कार्यशाला को आगे बढ़ाते हुए राजभाषा संबंधी निर्धारित लक्ष्यों, राजभाषा रिकॉर्ड प्रबंधन, संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण संबंधी आवश्यकताओं एवं तिमाही रिपोर्ट भरने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी।

इसके अलावा, उन्होंने तिमाही रिपोर्ट के लिए अपेक्षित धारा 3(3) तथा धारा 5 के अंतर्गत जारी कागजातों की एक गार्ड फाइल रखने पर जोर दिया। सभी कर्मचारियों को हिंदी में काम करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही इस कार्यशाला का सफल समापन हुआ।

****